## खबर संक्षेप

### श्री गणेश देवस्थानम में शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर आज



**नरसिंहपुर।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट से संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में 30 जून सोमवार को निःशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर आयोजित है। गणनायक फाउंडेशन के प्रमुख सुशान्त पुरोहित ने बताया की श्री द्वारका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती की प्रेरणा से सिद्धपीठ के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार जी पुरोहित की पुण्य स्मृति में होगा। सुबह 10-30 बजे से रजिस्ट्रेशन होगें और क्रम के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा जांच भी शुरू हो जाएगी जो शाम 5 बजे तक चलेगीं। मोतियाबिन्द पाए जाने पर नेत्रालय द्वारा मरीजों को निःशुल्क बस सेवा से झोतेश्वर अस्पताल ले जाकर उपचार व आपरेशन किया जाएगा। मरीजों से आधार कार्ड की फोटोकॉपी व मोबाइल नंबर लेकर आने की अपील की गई है। क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष सेंधव ने 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना

**देवास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम का 123वें एपिसोड का सीधा प्रसारण रविवार को जिले के सभी मंडल प्रभारी एवं जिला पदाधिकारियों के अध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रमुख रूप से अनेक बूथों पर देखा व सुना गया। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने देवास के वार्ड क्रमांक 12, राजाराम नगर में बूथ क्रमांक 115 पर बूथ अध्यक्ष नवीन सोनी के निवास पर कार्यक्रम सुना। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की चर्चा करते हुए बताया कि लोग योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। मोदी जी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा,कांवड़ यात्रा व भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस की चर्चा करते हुए मोदी जी ने बताया कि उस काले दौरे में कांग्रेस की हिटलर सरकार ने नागरिकों पर किस तरह से अत्याचार कर लोकतंत्र की हत्या करने का नाकाम प्रयास किया था। प्रधानमंत्री जी के विचारों ने राष्ट्रहित, जनकल्याण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नवाचार तथा आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने हेतु हो रहे सामूहिक प्रयासों को नवीन ऊर्जा प्रदान की।

### हज से वतन वापसी, एवं उमराह पवित्र यात्रा पर जाने वालों का इस्तकबाल

**देवास ।** हज से वतन वापसी से आने वाले हाजियों एवं मक्का मदीना मुनव्वरा की पवित्र यात्रा पर जाने वाले हाजी अ. अजीज मंसूरी ठेकेदार एवं मोईन मंसूरी का फूलों की माला पहनाकर, वक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष जुबेर लाला,हाजी मुख्तयार मंसूरी, समाजसेवी शाहबुद्दीन मंसूरी, सुल्तान अहमद हाथी वाले,नौशाद भाई,सोहेब मंसूरी (ए.के. ज्वेलर्स) बंटी मंसूरी सहीत मौजूद सभी मेहमानों ने इस्तकबाल किया।

### इस्कॉन द्वारा शहर में आज निकाली जाएगी श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा

**देवास।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ देवास द्वारा श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन आज 30 जून 2025, सोमवार को होगा। यह यात्रा दोपहर 3 बजे रामेश्वर धाम मंदिर, राम नगर, ए.बी. रोड, देवास से प्रारंभ होगी। इस्कॉन देवास के प्रमुख आनंदमय प्रभु ने बताया कि रथ यात्रा का आयोजन परम पूज्य गुरुदेव श्री महात्मा प्रभु जी के सानिध्य में एवं श्री प्राणेश्वर दास प्रभु जी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान श्री जगन्नाथ जी की महिमा का प्रचार-प्रसार करना एवं समाज को आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करना है। यात्रा का मार्ग रामेश्वर धाम मंदिर से प्रारंभ होकर सयाजी द्वार, तहसील चौराहा, नॉवेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, जनता बैंक चौराहा, शालिनी रोड, तुकोगंज रोड होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंचकर संपन्न होगी।

# दतिया एयरपोर्ट पर इमरजेंसी मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

## रीक्रिएट की गई विमान दुर्घटना जैसी स्थिति





**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया ।**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद देश भर के हवाई अड्डों पर आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया था। उक्त आदेश के अनुपालन ने आज दतिया हवाई अड्डे पर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की मौजूदगी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें विमान दुर्घटना जैसी स्थिति को वास्तविक समय में रीक्रिएट किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान नागरिक उड्डयन विभाग, जिला पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा और अन्य आपदा प्रबंधन एजेंसियां शामिल हुई। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में एयरपोर्ट की व्यवस्था कितनी तैयार है, इसे परखना है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के बीच समन्वय क्षमता का मूल्यांकन और समयबद्ध बचाव कार्य की प्रभावशीलता को परखना भी है।

कलेक्टर वानखड़े द्वारा बताया गया कि इस ड्रिल में सभी विभागों का जोरदार समन्वय देखने को मिला। पूर्व नियोजित योजना के तहत उक्त मॉक ड्रिल में विमान दुर्घटना जैसी स्थिति रीक्रिएट की गई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल द्वारा एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश होने की सूचना जारी की गई।सूचना पश्चात एयरपोर्ट पर मौजूद आपदा बचाव दल के अंतर्गत आने वाली फायर ब्रिगेड टीम ने जाकर क्रैश हुए विमान की आग बुझाई और तुरंत विमान में सवार यात्रियों को बाहर निकाला गया। घायल यात्रियों को तुरंत उपचार के लिए एम्बुलेंस से हॉस्पिटल भेजा गया।

विमान दुर्घटना के तुरंत बाद की आपात प्रतिक्रिया, घटनास्थल की बाधाओं के चलते बचाव कार्य में आने वाली चुनौतियां, पीड़ितों के परिजनों को सूचित करना, मीडिया समन्वय के लिए समर्पित संचार कक्ष की सक्रियता जैसे व्यवस्थाओं का भी आंकलन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा, एयरपोर्ट डायरेक्टर साजिद हकीम, एयरपोर्ट मेनेजर राजेश कुमार दुवे, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर जाहिद खान, सीएनएस विजयशंकर, शिफ्ट इंचार्ज शिवानी यादव, एयरपोर्ट सिक्योरिटी ऑफिसर सहित पुलिस बल एवं स्वास्थ्य विभाग दल उपस्थित रहा।।

## बालाजी रथ यात्रा एवं मोहर्रम के मद्देनज़र थाना उनाव पर शांति समिति बैठक सम्पन्न



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

दिनांक 06 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाले उनाव बालाजी रथ यात्रा एवं मोहर्रम (ताजिया जुलूस) त्योहारों के दृष्टिगत, क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना उनाव में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी उनाव उप निरीक्षक भास्कर शर्मा द्वारा आयोजित की गई। बैठक में उनाव बालाजी मंदिर समिति के सभी सातों सदस्य, ताजिया कमेटी के संचालक उस्मान खान एवं निशार खान, भूतपूर्व सरपंच लक्ष्मण यादव, वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि विशाल पटवा, एवं कस्बे के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी उनाव, विद्युत विभाग से जूनियर इंजीनियर मुकेश पटेल, कुष्ठ विभाग से बांकेश सिंह कर्ण, एवं थाना पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही, सभी समुदायों के प्रबुद्धजनों से चर्चा कर यह अपील की गई कि दोनों त्योहारों को आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं सम्मान के साथ मनाया जाए।चूंकि दोनों पर्व एक ही दिन 6 जुलाई 2025 को हैं, इस पर आपसी सहमति बनाते हुए ताजिया कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि ताजिया जुलूस दिनांक 7 जुलाई 2025 को निकाला जाएगा, जिससे दोनों आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किया जा सके।

बैठक के अंत में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि, वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना से बचें, सोशल मीडिया पर उत्तेजक पोस्ट न करें, एवं यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शहीद मालवीय के घर पहुंचे सज्जन सिंह वर्मा ने 50 हजार की राशि भेंट की

## वही सरकार से एक करोड रुपए की राशि देने की की मांग



**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

विगत दिनों सोनकच्छ विधानसभा के ग्राम आलरी के भारत सिंह मालवीय का जालंधर में कर्तव्य निभाते हुए निधन हो गया रविवार को पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा ने श्री मालवीय के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की वही अपनी ओर से 50,000 रुपए की राशि भेंट की साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार एवं प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव सरकार से मांग की के हमारा सेवा का जवान ड्यूटी पर कर्तव्य निभाते हुए उसकी मृत्यु हुई है नियम है कि शहीद हुए सैनिक को एक करोड रुपए की राशि एवं एक भवन जहां उनका परिवार चाहे देने का नियम है वह इस परिवार को दिया जाय । इसी के साथ श्री वर्मा ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत कलेक्टर एसपी जिले के जवाब दार अधिकारी को सेना के जवान के यहां पर पहुंचना था जो आज तक कोई भी नहीं पहुंचा मेरी यह भी मांग है कि प्रोटोकॉल के तहत कलेक्टर एसपी ने संबंधित शहिद के निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहिए जबकि आलरी में ना तो एसडीएम पहुंचना ना तहसीलदार पहुंचा जो की बहुत ही निंदनीय है।

# एक पेड़ माँ के नाम, पौधे सबकी जिंदगी अभियान के तहत हुआ वृहद पौधारोपण



**पीपुल्स प्रवक्ताद, देवास।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम, पौधे सबकी जिंदगी अभियान के तहत देवास शहर को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया। बालाजी धाम कॉलोनी में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत आम, नीम, बेलपत्र, जामफल, आंवला, सीताफल, मोरसली, अशोक और बादाम जैसे फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री बुद्धसेन पटेल और वरिष्ठ नागरिक संस्था के संचालक श्री गंगा सिंह सोलंकी द्वारा किया गया। अनेक पर्यावरण प्रेमियों ने पौधारोपण में भाग लेकर सराहनीय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

## अहंकार का अंत निश्चित है, और धर्म की सदा विजय होती है : पं. शास्त्री

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

राजा हिरण्यकशिप, जो राक्षसों का अधिपति था, अत्यंत अहंकारी था। उसने कठोर तप कर ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त किया कि वह न तो दिन में मरेगा, न रात में, न घर के भीतर, न बाहर, न किसी शस्त्र से, न हाथ से, न मनुष्य से, न पशु से। उसने स्वयं को ही ईश्वर घोषित कर दिया और भगवान विष्णु के नाम का उच्चारण भी वर्जित कर दिया। परंतु उसका पुत्र प्रह्लाद बचपन से ही विष्णु भक्त था। उसने पिता के आदेशों को ठुकरा कर भगवान नारायण की भक्ति की राह अपनाई। उक्त उद्गार उक्त उद्गार कलश गार्डन, मेंढकी रोड पर रामांश मिश्रा के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस कथावाचक पं. मनीष गौतम शास्त्री, बड़ा अखाड़ा, मैहर (म.प्र.) ने व्यासपीठ से कहे। आयोजक रमेश मिश्रा ने बताया कि कथा 03 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी। कथा श्रवण के लिए बडी संख्या में श्रद्धालुजन व समाजजन कथा स्थल पर पहुंच रहे है। कथा की पूर्णाहूति के दिन 4 जुलाई को होगी। कथा में कल सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनेगा।

# चम्पापुरी वासुपूज्य धाम से मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि धाम तक निकलेगी नगर प्रवेश यात्रा

## श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर के चातुर्मास का होगा शंखनाद

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

चम्पापुरी वासुपूज्य धाम से मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि धाम तक साध्वीजी भगवंत की नगर प्रवेश यात्रा निकाली जाएगी। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में चातुर्मास हेतु पदार्पण कर रहे साध्वीजी के नगर प्रवेश के उपलक्ष्य यह भव्य यात्रा आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कलिकुंड के तीर्थ उद्धारक आचार्य राजेन्द्र सूरीश्वरजी एवं गच्छाधिपति राजशेखर सूरीश्वरजी तथा तत्वदर्शना श्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वीजी श्री तत्वरसा श्रीजी, तत्वश्रेया श्रीजी, तत्वसम्प्रज्ञा श्रीजी, तत्वश्रमणा श्रीजी आदि ठाणा चार का चातुर्मास संपन्न होने जा रहा है। इसी के साथ चातुर्मास का शंखनाद होगा।

प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि 1 जुलाई मंगलवार को सुबह 7.30 बजे से चम्पापुरी धाम पंचशील नगर में नवकारशी के पश्चात नगर प्रवेश की भव्य यात्रा प्रारंभ होगी, जो कि भ्रमण करते हुए श्री मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि धाम सिविल लाईन्स पर संपन्न होगी। यहां पर पूज्यश्री के प्रवचन एवं मांगलिक तथा संघ पूजन का



आयोजन होगा। इस अवसर पर यहीं वीरमणि उपाश्रय में पांच दिवसीय प्रवचन श्रृंखला का भी शुभारंभ होगा जो कि 1 से 5 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9.15 बजे प्रारंभ होगी। 6 जुलाई रविवार को पूज्यश्री का चातुर्मासिक प्रवेश होगा।

# डॉ हेमंत जैन के द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर संपन्न

## 96 मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ जिसमें 60 मरीजों का हुआ फाइब्रोस्कैन

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

डॉ हेमंत जैन के द्वारा काफी समय से निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श पर लगाया जा रहा है। जिसमें दतिया जिले एवं आसपास के लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का लाभ लिया है। यह निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर डॉ हेमंत जैन द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अपने निजी क्लिनिक पर लगाया जाता है।

हमारे समाज में डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप ही मानते है डॉ जैन द्वारा किया गया यह कार्य जरूरतमंद लोगों के लिए काफी सहयोग पूर्ण साबित हो रहा है। इसी क्रम में रविवार 29 जून को डॉ हेमंत जैन द्वारा आयोजित निशुल्क परामर्श शिविर में 96 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया इस दौरान लगभग 60 मरीजों ने निशुल्क फाइब्रोस्कैन की जांच भी की गई। फाइब्रोस्कैन की जांच से लिवर में चर्बी की मात्रा और सुकड़न का पता लगाया है, अगर चर्बी ज्यादा है या सुकड़न आती है तो गंभीर परिणाम सामने आते है इसलिए समय पर जांच करवा कर इलाज करवाने से स्वस्थ्य जीवन जिया जा सकता है, शिविर में युवा समाजसेवी कौशल पाठक , सोनू कुशवाह , नरेंद्र कुशवाह , मयंक पुरोहित , धीरज ढींगरा और अनिल शाक्य का योगदान रहा।

